सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत राष्ट्रीय संस्थान
पंजीकरण संख्या: S/2626/NW/SDM/2016

नीति आयोग, भारत सरकार
पंजीकरण संख्या: DL/2020/0257012

# हिंदी विकास संस्थान

दिल्ली द्वारा

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

# 2025

का आयोजन



# हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली

## द्वारा आयोजित

## दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**स्थानः तीन मूर्ति भवन सभागार, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली**

**मुख्य अतिथिगणः**



**श्री हिमांशु गुप्ता** (आई.ए.एस.)
सचिव, सी.बी.एस.ई., भारत सरकार




**डॉ. विनोद नारायण इंदूरकर** (अध्यक्ष)
सी.सी.आर.टी., संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार



**प्रो. सरोज शर्मा** (अध्यक्षा)
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार




**प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी,** (निदेशक)
केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार




**श्री हुकम चंद मीणा** (उपनिदेशक)
केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार



**डॉ. नाहर सिंह** (संयुक्त निदेशक)
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली सरकार

धर्मेन्द्र प्रधान
ଧର୍ମେନ୍ଦ୍ର ପ୍ରଧାନ
**Dharmendra Pradhan**

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शिक्षा मंत्री
भारत सरकार
Minister of Education
Government of India



## संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता है कि **हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली** द्वारा हिंदी भाषा कौशल के विकास हेतु 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड - 2025' का आयोजन किया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से अधिक-से-अधिक प्रतिभागी हिंदी विषय से जुड़ेंगे और हिंदी भाषा का विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

राष्ट्र की शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति में उस राष्ट्र की भाषा का योगदान सर्वविदित है। समृद्ध एवं समर्थ राष्ट्र की पहचान में भाषा की अतुलनीय भूमिका होती है। हिंदी भाषा अपनी सहजता एवं सरलता के कारण समावेशी हो पाई है और शब्द भण्डार में हो रही वृद्धि इस भाषा के प्रति बढ़ती हुई अभिरूचि का प्रमाण है।

मैं, हिंदी विकास संस्थान को 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड - 2025' के सफल आयोजन एवं हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ और प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

**(धर्मेन्द्र प्रधान)**

**सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा**

MOE - Room No. 301, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 001, Phone : 91-11-23782387, Fax : 91-11-23382365
E-mail : minister.sm@gov.in

पंजीकरण संख्या: S/2626/NW/SDM/2016

नीति आयोग, भारत सरकार
पंजीकरण संख्या: DL/2020/0257012

# हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली

101, पॉकेट-12, सैक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली-110086
ईमेल: hindivikassansthan@gmail.com, वेबसाइट: www.hindivikassansthan.com
दूरभाष: 8800338321, 9891411114

दिनांक : ................................

प्रतिष्ठा में,

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या जी!

भारत सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों के कौशल विकास पर बल दिया गया है। हिंदी विकास संस्थान द्वारा भी भाषा कौशल के विकास हेतु समय-समय पर तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उसी क्रम में हिंदी विकास संस्थान द्वारा आज़ादी के अमृत काल में 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025' प्रतियोगिता का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को ₹200 परीक्षा शुल्क के रूप में देने होंगे, जिसमें ₹30 परीक्षा व्यवस्था कराने हेतु विद्यालय अपने पास रखेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 के उद्देश्य बिंदु–

- बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रेरित करना।
- बच्चों को सरल तरीके से हिंदी भाषा-संबंधी ज्ञान कराना।
- प्रत्येक कक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को इस प्रतियोगिता के पाठ्यक्रम से जोड़ते हुए छात्रों को परीक्षाओं हेतु तैयार करना।
- मानक वर्तनी का ज्ञान कराना एवं समाज में प्रचलित अशुद्ध शब्दों से परिचित कराते हुए उन्हें शुद्ध रूप में प्रस्तुत करना।
- हिंदी भाषा एवं दैनिक जीवन से जुड़ी बातों को पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित करते हुए जीवन मूल्यों की सीख देना।

उपर्युक्त उद्देश्य बिंदुओं की पूर्ति एवं अभ्यास हेतु हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी को **ई-अभ्यास-पुस्तिका** नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। हमें विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी प्रतिभागी गर्व का अनुभव करेंगे।

अत: आपसे अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिक-से-अधिक विद्यार्थियों को प्रेरित कर कृतार्थ करें।

अपेक्षाओं के साथ,

भवदीय

**डॉ. पीयूष कुमार शर्मा**

अध्यक्ष, हिंदी विकास संस्थान

मोबाइल : 9891411114

# पुरस्कार एवं सम्मान




- **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025** में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को **प्रशस्ति-पत्र** तथा अपनी कक्षा में **प्रथम**, **द्वितीय** तथा **तृतीय** स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को **पदक** एवं **प्रशस्ति-पत्र**, **क्षेत्रीय** व **राष्ट्रीय स्तर** पर पदक, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएँगे।
- जो प्रतियोगी अपनी-अपनी कक्षा में राष्ट्रीय श्रेणी में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करेंगे, उन्हें ट्रॉफी, पदक एवं प्रशस्ति-पत्र के साथ-साथ **₹5100/-** पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएँगे।
- **दसवीं** और **बारहवीं** कक्षाओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि **₹7500/-** होगी।
- एक से अधिक प्रतिभागियों के समान अंक आने पर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। पुरस्कार की धनराशि बराबर-बराबर बाँट दी जाएगी।
- प्रतिभागियों की संख्या और प्राप्त पदकों के आधार पर श्रेष्ठ विद्यालयों एवं शिक्षकों को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं, इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक अंक पाने वाले विद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान के साथ-साथ **₹11000/- (ग्यारह हज़ार रुपये)** पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएँगे।
- **कक्षा-1** तथा **कक्षा-2** के प्रतिभागियों के लिए विद्यालय स्तर पर ही पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र के साथ-साथ स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक प्रदान किए जाएँगे।
- **पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन दिल्ली** में किया जाएगा। समारोह की सूचना पहले से ही विद्यालयों को दे दी जाएगी।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 से संबंधित मुख्य बिंदु

**1.** **प्रतियोगिता का आयोजन–**
इस प्रतियोगिता का आयोजन 15 जुलाई 2025 से 31 अगस्त 2025 के बीच हिंदी विकास संस्थान और विद्यालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि को आपके विद्यालय में ही **ऑफ़लाइन** किया जाएगा।




**2.** 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025' में कक्षा-1 से कक्षा-12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक कक्षा के प्रश्न-पत्र में पूछे जाने वाले सभी प्रश्न दिए गए पाठ्यक्रम के अनुरूप ही होंगे।

**3.** **प्रश्न-पत्र का प्रारूप–**

| कक्षा | कुल प्रश्न | निर्धारित अंक | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| पहली और दूसरी | 20 | 5 | 100 |
| तीसरी से पाँचवीं | 25 | 4 | 100 |
| छठी से आठवीं | 40 | 5 | 200 |
| नौवीं से बारहवीं | 50 | 4 | 200 |

- परीक्षा की समयावधि एक घंटा होगी। प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 20 मिनट अलग से दिए जाएँगे।
- **कक्षा-1 तथा 2** के प्रश्न-पत्रों की रचना बच्चों की आयु एवं उनकी क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए पाठ्यक्रम के अनुरूप होगी। वे अपने उत्तर प्रश्न-पत्रिका पर ही देंगे। इन दोनों कक्षाओं में किसी प्रश्न का गलत उत्तर देने पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
- **कक्षा 3 से 12** तक के प्रश्न-पत्रों में दिए गए सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQs) होंगे। प्रतियोगी उत्तर का सही विकल्प चुनकर उसका गोला (●) ओ.एम.आर. शीट पर भरेंगे। किसी प्रश्न का गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा।

**4.** हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रत्येक विद्यालय को प्रतियोगिता से पूर्व एक परीक्षा केंद्र संख्या दी जाएगी, जिसे प्रत्येक प्रतिभागी को अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करना होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को हिंदी विकास संस्थान की ओर से अनुक्रमांक भी प्रदान किया जाएगा, जो प्रतियोगिता से पूर्व उपलब्ध करा दिया जाएगा।

**5.** हिंदी विकास संस्थान द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को ई-अभ्यास-पुस्तिका निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे विद्यार्थी अभ्यास कर सकेंगे। प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम एवं अभ्यास प्रश्न-पत्र हिंदी विकास संस्थान की वेबसाइट **www.hindivikassansthan.com** पर भी उपलब्ध रहेंगे।

**6.** **भारत से बाहर के प्रत्येक प्रतिभागी को $ 12 (USD) शुल्क देना होगा, जिसमें $ 2 (USD) परीक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यय हेतु विद्यालय अपने पास रखेंगे।**

**7.** जो प्रतिभागी 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025' प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उनका विवरण भेजी गई प्रविष्टि सूची के अनुसार भरकर **निर्धारित की गई परीक्षा तिथि से 15 दिन पहले** तक 'हिंदी विकास संस्थान' में अवश्य भेज दें। भेजे गए संपूर्ण विवरण की एक प्रतिलिपि अपने पास भी रखें। शुल्क की राशि नकद / ड्रॉफ्ट / NEFT / IMPS / RTGS / QR Code द्वारा स्वीकार की जाएगी। ड्रॉफ्ट हिंदी विकास संस्थान के पक्ष में हो और नई दिल्ली शाखा पर देय हो।

**बैंक का विवरण–**

खाताधारक – हिंदी विकास संस्थान    खाता सं. – **6449904286**
बैंक का नाम – इंडियन बैंक    IFS कोड – **IDIB000R087**
बैंक शाखा – सैक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली-110085
SWIFT कोड – **IDIBINBBDBG (D. B. Gupta Road Branch of Indian Bank)**

Name: HINDI VIKAS SANSTHAN
Pay Directly to: hindivikassansthan@indianbk

**भेजने का पता: हिंदी विकास संस्थान, 101, पॉकेट-12, सैक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली-110086**

**(किसी भी विवाद या परिवर्तन की स्थिति में हिंदी विकास संस्थान का निर्णय अंतिम माना जाएगा।)**

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड–2025

## प्रविष्टि-सूची

विद्यालय का नाम : ..........................................................................  परीक्षा केंद्र संख्या : ☐☐☐

| क्रमांक | अनुक्रमांक | प्रतिभागी का नाम | पिता/संरक्षक का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**कृपया ध्यान दें–**

- यह प्रारूप कक्षा के क्रमानुसार भरा जाए। प्रतिभागियों की संख्या 24 से अधिक होने पर इस पृष्ठ की अतिरिक्त प्रतिलिपि (फोटोकॉपी) कराने के बाद इस प्रारूप को भरें।
- यह प्रारूप एक्सल शीट पर भरकर हिंदी विकास संस्थान को ई-मेल तथा व्हाट्सअप द्वारा भी भेजा जा सकता है।
- सभी प्रतिभागियों की अनुक्रमांक संख्या एवं परीक्षा केंद्र संख्या हिंदी विकास संस्थान द्वारा आवंटित की जाएगी।
- यदि कोई परीक्षार्थी किसी कारणवश परीक्षा न दे पाए तो उसका अनुक्रमांक किसी अन्य परीक्षार्थी को न दिया जाए, अनुपस्थित परीक्षार्थी के सामने अनुपस्थित लिखा जाए।

# विवरण-पत्रक

(कृपया, पूरा विवरण-पत्रक भरकर भेजें।)

विद्यालय का नाम एवं पूरा पता :

विद्यालय का फ़ोन नं. :

विद्यालय की ई-मेल आई.डी. :

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या का नाम :

मोबाइल नं. :

परीक्षा की प्रस्तावित तिथि :

अध्यापक / अध्यापिका का नाम :

मोबाइल नं. :

अध्यापक / अध्यापिका की ई-मेल आई.डी. :

भेजी गई कुल धनराशि का विवरण :

ड्रॉफ्ट / अन्य (संख्या) :

| कक्षा | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | | | | | | | | | | | | |

विद्यालय के प्रतिभागियों की कुल संख्या :

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर

(यह पत्रक भरकर डाक, कोरियर, ई-मेल या व्हाट्सअप के माध्यम से भेजा जा सकता है। इसके साथ प्रविष्टि सूची भी भेजें।)

वेबसाइट : www.hindivikassansthan.com ई-मेल : hindivikassansthan@gmail.com

मोबाइल नं. : 9891411114, 08800338321



# पाठ्यक्रम एवं नमूना-पत्र

## ‘अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025’ हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम

### पहली कक्षा

छोटे एवं बड़े-जीव जंतुओं की पहचान एवं उनके रहने के स्थान की पहचान, वर्णों की पहचान, चित्र देखकर बिना मात्रा वाले सही शब्द की पहचान, बिना मात्रा वाले शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, एक-अनेक (वचन), (लिंग-स्त्री जाति, पुरुष जाति), चित्र का पहले अक्षर से मिलान।

### दूसरी कक्षा

वर्णों की पहचान (स्वर एवं व्यंजन), स्वरों की मात्राओं की सही पहचान, नाम वाले शब्द-संज्ञा, गिनती का सही क्रम (एक से दस), कलगी एवं बिना कलगी वाले पक्षियों के नामों की पहचान, घास एवं मांस खाने वाले जीव-जंतुओं के नाम एवं उनकी आवाज़ें, स्वरों का सही क्रम एवं मात्राएँ, अलग शब्द की पहचान, चित्र देखकर सही शब्द की पहचान, शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, फल एवं सब्ज़ियों के रंगों की पहचान एवं स्वाद, एक-अनेक शब्द (वचन), लिंग (स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग), विपरीत अर्थ वाले शब्द (विलोम)।

### तीसरी कक्षा

पशु-पक्षियों और उनकी आवाज़ों की पहचान, स्वरों एवं व्यंजनों की पहचान, ‘र’ के विविध रूप, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान, संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की पहचान, समान (पर्यायवाची) एवं विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्द, शुद्ध शब्द, सप्ताह के दिनों के क्रमबद्ध नाम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, श, ष, स से बने सही शब्द की पहचान, बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ) के सही स्थान की पहचान, एक से बीस तक गिनती का सही क्रम, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों की जानकारी।

### चौथी कक्षा

स्वर एवं व्यंजन, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान, ‘र’ के रूप, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से तीस तक) अनेक शब्दों के लिए ‘एक शब्द’। बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ) के सही स्थान की पहचान, भारत के धार्मिक एवं राष्ट्रीय त्योहारों के नाम।

### पाँचवीं कक्षा

स्वर, व्यंजन एवं मात्राएँ, संयुक्त व्यजंन, ‘र’ के रूप (रेफ़ और पदेन), मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, काल, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ) तथा वाक्य बनाना।



**किसी विदेशी भाषा को अंगीकार करना हमारे लिए गर्व की बात है, किंतु अपनी भाषा की उपेक्षा करके किसी विदेशी भाषा को स्वीकार करना हमारे लिए बड़े शर्म की बात है। –महादेवी वर्मा**

## छठी कक्षा

वर्ण- स्वर एवं व्यंजन, मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन, 'र' के रूप (रेफ़ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, शब्द के भेद, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर) पर्यायवाची एवं विलोम शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम-(एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ) तथा वाक्य बनाना

## सातवीं कक्षा

वर्ण- (स्वर एवं व्यंजन), मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ़ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, उपसर्ग, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण शब्द, समुच्चयबोधक, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर), पर्यायवाची एवं विपरीत अर्थ वाले शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम-(एक से पचास तक), तथा हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम।

## आठवीं कक्षा

वर्ण एवं उसके रूप, शब्द एवं उसके भेद, (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) समास, कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग-वचन, संयुक्त व्यंजन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ़ और पदेन) मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के प्रकार, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, अनेकार्थी शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, हिंदी में गिनती का सही क्रम-(एक से पचास तक), तथा छह ऋतुओं के हिंदी में नाम।

## नौवीं कक्षा

वर्ण विचार, शब्द एवं पद, लिपि एवं भाषा, बोली और भाषा, 'र' के रूप, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), नुकता एवं आगत और निपात, अनुस्वार एवं अनुनासिक, विराम चिह्न, संधि (स्वर) समास एवं उसके भेद, शब्द एवं उसके भेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग-वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के भेद (अर्थ के आधार पर), वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, महासागरों के हिंदी नाम, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, अनेकार्थी शब्द एवं अपठित गद्यांश या काव्यांश।

## दसवीं कक्षा

शब्द, पद, बोली, भाषा एवं लिपि, वाक्य-(रचना एवं अर्थ के आधार पर), उपसर्ग-प्रत्यय, संधि (स्वर), समास, पदबंध, संयुक्त व्यंजन, वर्ण-विच्छेद, 'र' के रूप, नुक्ता एवं आगत और निपात, विराम चिह्न, लिंग, वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, सौरमंडल के ग्रहों के हिंदी नाम, अनेकार्थी शब्द तथा अपठित गद्यांश या काव्यांश।

**हिंदी ही वतन है, हिंदी है अपनी शान।**
**हिंदी से ही होगी, हिंदुस्तान की पहचान।।**
**–हिंदी विकास संस्थान**

## ग्यारहवीं कक्षा


मानक वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्दों की पहचान, जनसंचार, संचार, संचार के साधन, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, संपादकीय, समाचार, संपादक, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, रस, छंद, अलंकार, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य, संचार के दृश्य एवं श्रव्य साधन, महासागरों के हिंदी नाम, अपठित गद्यांश या काव्यांश।

## बारहवीं कक्षा

अपठित काव्यांश या गद्यांश, संचार, संचार के साधन, जनसंचार, हिंदी की मानक वर्तनी, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, समाचार, संपादकीय, दृश्य-श्रव्य साधन, संपादक, अलंकार, रस, छंद, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा-शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य। रिपोर्ट लेखन, संवाददाता, इंद्रधनुष के सात रंगों के हिंदी नाम एवं उनका क्रम तथा पत्र का प्रारूप।



**राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा है।**
**–महात्मा गाँधी**



निज भाषा उन्नत अहै; सब उन्नति को मूल।
बिना निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय का सूल।।
–भारतेंदु हरिश्चंद्र



जब मैं भारत पहुँचा तो मुझे यह देखकर दुख और आश्चर्य हुआ कि शिक्षित लोग भी अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं से अनजान थे। वे अंग्रेज़ी बोलना गर्व की बात समझते थे। तब मैंने निश्चय किया कि मैं भारत की देशज भाषा की महत्ता को सिद्ध करूँगा। –फ़ादर कामिल बुल्के











# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025

**( प्रश्न पत्र का प्रारूप )**

प्रतियोगी का नाम : ..........................................................................

पिता/संरक्षक का नाम : ..........................................................................

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................................................

कक्षा : ...............

अधिकतम अंक : ...............

समयावधि : एक घंटा

## कक्षा 1 तथा 2 के लिए

### कक्षा-पहली

**1. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए– 5**

 जग मग नग

 धर घर घन

 कमल कलम कलश


 नल कल चल

 अरदक अदरक अकरद

**2. चित्र देखकर पहले अक्षर से मिलान कीजिए– 5**

 ○

 ○

 ○

ई

आ

उ

इ

ओ

○ 


○ 

### कक्षा-दूसरी


**1. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए– 5**

 कछुआ मछली बतख

 चूहा खरगोश बंदर

 कार बस ट्रक

 टमाटर सेब अनार

 मोर चिड़िया तोता

**2. बेमेल शब्द पर गोला लगाइए– 5**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | कमल | गुलाब | पेड़ | गेंदा |
| (ख) | संतरा | बेर | अंगूर | मिर्च |
| (ग) | दाल | चावल | रोटी | घर |
| (घ) | शेर | भालू | चीता | कोयल |
| (ङ) | प्याज | मटर | गाजर | चीकू |

**नोट :** प्रत्येक कक्षा हेतु ई-अभ्यास-पुस्तिका निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025

(प्रश्न-पत्र का प्रारूप)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतियोगी का नाम | : | ...................................................... | कक्षा | : | .............. |
| पिता/संरक्षक का नाम | : | ...................................................... | अधिकतम अंक | : | .............. |
| कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | : | ...................................................... | समयावधि | : | एक घंटा |

## कक्षा 3 से 12 तक के लिए

**सही उत्तर चुनकर उसका गोला ◯ भरिए–**

### कक्षा-तीसरी

1. हिंदी वर्णमाला में 'ऋ' से पहले कौन-सा वर्ण आता है? 4

(क) ऐ ◯ (ख) उ ◯
(ग) ऊ ◯ (घ) ए ◯

2. कौन-सा शब्द 'कमल' का पर्याय है? 4

(क) कुसुम ◯ (ख) फूल ◯
(ग) नीरज ◯ (घ) पुष्प ◯

3. 'बीस' से पहले कौन-सी संख्या आती है? 4

(क) उनीस ◯ (ख) उननीस ◯
(ग) उन्नीस ◯ (घ) उनिस ◯

### कक्षा-चौथी

1. 'ऐ' से बना सही शब्द है– 4

(क) बेर ◯ (ख) पैर ◯
(ग) कील ◯ (घ) तीनों ◯

2. 'सुबह' शब्द का सही विलोम है– 4

(क) रात ◯ (ख) रात्रि ◯
(ग) शाम ◯ (घ) दोपहर ◯

3. गाड़ी चलाने वाले को क्या कहते हैं? 4

(क) चालक ◯ (ख) किसान ◯
(ग) लोहार ◯ (घ) सुनार ◯

### कक्षा-पाँचवीं

1. 'ऋ' से बना सही शब्द है– 4

(क) कृपा ◯
(ख) कर्म ◯
(ग) प्रश्न ◯
(घ) द्रव्य ◯

2. 'पारस बाज़ार से दूध लाया।' वाक्य में संज्ञा शब्द है– 4

(क) पारस ◯ (ख) दूध ◯
(ग) बाज़ार ◯ (घ) तीनों ◯

### कक्षा-छठी

1. 'चंद्र बिंदु' वाला सही शब्द क्या है? 5

(क) काँच ◯
(ख) दाँत ◯
(ग) कुआँ ◯
(घ) सभी ◯

2. 'श् + र' के योग से बना शब्द है– 5

(क) श्रवण ◯
(ख) शलगम ◯
(ग) सवाल ◯
(घ) तीनों ◯

## कक्षा-सातवीं

1. 'सुंदर' शब्द की भाववाचक संज्ञा है– 5

(क) सुंदरता
(ख) अति सुंदर
(ग) सुंदरतम
(घ) इनमें से कोई नहीं

## कक्षा-आठवीं

1. 'कल बाहर घूमने में बहुत आनंद आया।' वाक्य में कौन-सा काल है? 5

(क) वर्तमान काल
(ख) भविष्यत काल
(ग) भूत काल
(घ) तीनों

## कक्षा-नौवीं

1. 'आपका क्या नाम है?' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है– 5

(क) विधानवाचक
(ख) प्रश्नवाचक
(ग) निषेधवाचक
(घ) इच्छावाचक

## कक्षा-दसवीं

1. 'कक्षा में अध्यापक के आते ही बच्चे खड़े हो गए।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है– 5

(क) सरल वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

## कक्षा-ग्यारहवीं

1. 'दृश्य-श्रव्य' माध्यम का उदाहरण है– 4

(क) रेडियो
(ख) समाचार-पत्र
(ग) टेलीविज़न
(घ) तीनों

## कक्षा-बारहवीं

1. किसी समाचार-पत्र का 'संपादकीय' कौन तैयार करता है? 4

(क) संवाददाता (ख) संपादक
(ग) एंकर (घ) कोई भी

**नोट :** प्रत्येक कक्षा हेतु ई-अभ्यास-पुस्तिका नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

### आवश्यक सूचना

महोदय / महोदया,
हिंदी विकास संस्थान राष्ट्रीय स्तर का सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन पंजीकृत संस्थान है, जो नीति आयोग, भारत सरकार से भी पंजीकृत है। इस संस्थान में कोई भी निजी प्रकाशक सदस्य नहीं है।
कुछ निजी प्रकाशक अपने लाभ के लिए हिंदी विकास संस्थान के मिलते-जुलते नाम से विद्यालयों में पत्र भेजकर या शुल्क कम करने की बात कहकर विद्यालयों को भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। **हिंदी विकास संस्थान** का किसी भी निजी प्रकाशक से कोई संबंध नहीं है।
हिंदी विकास संस्थान द्वारा भेजे गए प्रपत्र पर संस्थान की पंजीकरण संख्या, भेजने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पद, दूरभाष एवं मोबाइल न., ई-मेल, वेबसाइट आदि सब कुछ स्पष्ट रूप से लिखा गया है। कृपया, सावधानीपूर्वक पुष्टि करने के बाद ही कार्य करें।

अपेक्षाओं के साथ,
भवदीय

डॉ. पीयूष कुमार शर्मा
अध्यक्ष, हिंदी विकास संस्थान
मोबाइल नं. : 9891411114 वेबसाइट : **www.hindivikassansthan.com**

### अभिभावक संस्तुति-पत्र

प्रिय अभिभावक,
हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025** का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। इसके सफल आयोजन हेतु **भारत सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी** ने भी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। इस प्रतियोगिता में **कक्षा 1 से कक्षा 12** तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी हिंदी भाषा से जुड़ी समस्याओं का समाधान सरलता से कर पाएँगे और नि:शुल्क दी जाने वाली **ई-अभ्यास-पुस्तिका** के माध्यम से अधिक-से-अधिक अंक प्राप्त कर सकेंगे।
इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशस्ति-पत्र, कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र, कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के प्रतियोगियों के लिए राज्य/क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले को ट्रॉफ़ी तथा श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करने वाले को ₹5100/- नकद राशि भी प्रदान की जाएगी। बोर्ड कक्षाओं के प्रतिभागियों के लिए यह राशि ₹7500/- होगी।
इस प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को परीक्षा शुल्क के रूप में ₹200/- देने होंगे। कृपया, शुल्क राशि भेजकर कृतार्थ करें।

प्रतियोगी का नाम .............................................. कक्षा ...........................
अभिभावक का नाम .................................... हस्ताक्षर .........................
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या

# मीडिया की नज़र में

हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
www.livehindustan.com
अश्विनी वैष्णव बोले, 99.2% लोग देश में बने मोबाइल प्रयोग कर रहे

## विकास भारती स्कूल की छात्रा दिल्ली में सम्मानित

मसवासी। हिंदी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इसमें मसवासी क्षेत्र के शिकारपुर गांव स्थित विकास भारती स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक भी मौजूद रहे। जिसमें विकास भारती स्कूल की छात्रा उन्नति सैनी को सम्मानित किया गया है। विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह द्वारा अत्यंत भावपूर्ण खुशी जाहिर की गई।








दैनिक भास्कर कवर्धा-बेमेतरा 01-12-2023

## पीयूष को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाल श्रेष्ठ पुरस्कार



दाढ़ी| पीयूष जायसवाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाल श्रेष्ठ पुरस्कार से नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्राहलय सभागार में सम्मानित किया गया। पिता पीएल जायसवाल ने बताया कि इससे पूर्व में भी मुख्यमंत्री के हाथों दो बार सम्मानित हो चुके हैं। वर्तमान में भिलाई में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। एस्ट्रोफिजिक्स में दो किताब भी लिख चुके हैं एवं रिसर्च कर बाल वैज्ञानिक बनकर रिकॉर्ड भी बनाया है। उन्हें राज्य व राष्ट्रीय लेवल के अब तक अवॉर्ड भी मिल चुका हैं। दिल्ली में आयोजित दो दिवसाय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी बाल श्रेष्ठ सम्मान के अतिथियों में निर्देशक, केन्द्रीय हिंदी संस्थान प्रो सुनील बाबुराव कुलकर्णी व शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, हिमांशु गुप्ता एवं सीबीएसई के प्रमुख डॉ. संयम भारद्वाज ने पीयूष जायसवाल को स्वर्ण पदक, मेमोंटो व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया।

जनसत्ता

## हिंदी भाषा और मीडिया के संबंध पर चर्चा

जनसत्ता संवाददाता

नई दिल्ली, 15 सितंबर। हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली की ओर से आयोजित 'हिंदी दिवस समारोह' का आयोजन 14 सितबंर, 2016 को 'हिंदी भवन' रोज एवन्यू में हुआ। इस समारोह में भारत के अनेक राज्यों से आए हिंदी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर पीयूष कुमार शर्मा और अतिथियों ने एक साथ दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस मौके पर एक विचार-गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका विषय हिंदी भाषा, मीडिया और समाज था। संस्थान के अध्यक्ष डॉ पीयूष कुमार शर्मा ने विचार-गोष्ठी का संचालन करते हुए कहा कि विदेशी भाषा को स्वीकार करने में हम जितना गर्व करते हैं, उससे अधिक गर्व हमें अपनी भाषा पर करना चाहिए। इस विषय पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षविदों ने अपने विचार रखे। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ अजय तिवारी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी भाषा और मीडिया का संबंध अटूट है।

राजस्थान पत्रिका

## हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

नई दिल्ली @ पत्रिका . हिंदी विकास संस्थान की ओर से हिन्दी भवन में 'हिंदी दिवस समारोह' का आयोजन किया गया।समारोह में देश के अनेक राज्यों से आए हिंदी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं छात्रा-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर 'हिंदी विकास संस्थान' के अध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में एक विचार-गोष्ठी भी आयोजित की गई जिसका विषय था-'हिंदी भाषा, मीडिया और समाज।' इस अवसर पर डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने कहा कि विदेशी भाषा को स्वीकार करने में हम जितना गर्व करते हैं, उससे अधिक गर्व हमें अपनी भाषा पर करना चाहिए।

## डी.ए.वी. पुलिस की छात्रा ने जीता राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान पुरस्कार



*सोनीपत ( ब्यूरो ): डी. ए. वी. पुलिस पब्लिक स्कूल में हिंदी विकास संस्थान द्वारा हिंदी ओलिम्पियाड का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में भाषाई कौशल का विकास करना था। हिंदी ओलिम्पियाड परीक्षा में कक्षा दूसरी से 12वीं तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिंदी की अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में छात्रों ने हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त किए। कक्षा 7वीं की छात्रा गरिमा ने सरिता खत्री के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान पुरस्कार के साथ-साथ नकद राशि भी प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्या सविता धनखड़ ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

## हिन्दी सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली छात्र सम्मानित

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

■ अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड-2024 में 50 हजार प्रतिभागियों ने लिया भाग

हिन्दी विकास संस्थान दिल्ली की ओर से अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मान समारोह-2024 तीन मूर्ति भवन के सभागार में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के अवसर पर देश-विदेश सहित भारत के लगभग सभी प्रांतों के प्रतिभाशाली छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालयों ने भाग लिया। समारोह के पहले दिन अतिथिगणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने पुष्पगुच्छ और शॉल के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड-2024 में जिन प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया, उन्हें अतिथिगणों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। संस्थान द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश-विदेश सहित भारत के सभी प्रांतों के लगभग 50 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें सभी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र, विद्यालय स्तर पर विजेता को श्रेष्ठता प्रमाण-पत्र एवं पदक, राज्य स्तर पर हिन्दी बालश्रेष्ठ सम्मान, राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान एवं सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले बच्चों को सम्मान के साथ-साथ पुरस्कार धनराशि भी प्रदान की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीआरटी के अध्यक्ष विनोद नारायण इंदूरकर, उप निदेशक हुकम चंद मीणा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ. नाहर सिंह, गोवा हिन्दी अकादमी के अध्यक्ष सुनील शेट, डीयू के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अजय तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
शेयर सेंसेक्स 66,988 +87 निफ्टी 20,133 +37 विनिमय दर ₹/$ 83.37 -0.05

## अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह आयोजित

**नई दिल्ली** । हिंदी विकास संस्थान द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह-2023 तीन मूर्ति भवन के सभागार में आयोजित किया गया। इसअवसर पर देश-विदेश सहित भारत के लगभग सभी प्रांतों के प्रतिभाशाली छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालयों ने भाग लिया। हिंदी विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने पुष्पगुच्छ और शॉल के साथ अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2023 में जिन प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया, उन्हें अतिथिगण द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।समारोह में उपस्थित सम्मान पाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों से बातचीत करते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को जाना गया और दूसरे बच्चों ने उनके अनुभवों का लाभ उठाया।

## हिंदी के विकास के लिए हिंदी ओलिंपियाड जैसी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी प्रतियोगिता महत्वपूर्ण



### अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024 में डीपीएस इंदिरापुरम के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिले सर्वाधिक पुरस्कार व ट्रॉफी

नई दिल्ली (राजेश शर्मा) । हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह-2024 का आयोजन बीते सप्ताह 29 एवं 30 जनवरी 2025 को तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली के सभागार में किया गया। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह के अवसर पर देश-विदेश सहित भारत के लगभग सभी प्रांतों के प्रतिभाशाली छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालयों ने भाग लिया।

समारोह के प्रथम दिन अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हिंदी विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने पुष्पगुच्छ और शॉल के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024 में जिन प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया, उन्हें अतिथिगण द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश-विदेश सहित भारत के सभी प्रांतों के लगभग 50000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें सभी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र, विद्यालय स्तर पर विजेता को श्रेष्ठता प्रमाण-पत्र एवं पदक, राज्य स्तर पर हिंदी बालश्रेष्ठ सम्मान,राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान एवं सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले बच्चों को सम्मान के साथ-साथ पुरस्कार धनराशि भी प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक पदक पाने वाले विद्यालयों को राष्ट्रीय प्रेरक सम्मान और राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यालयों को राष्ट्रीय हिंदी उन्नायक सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक अंक एवं पदक दिल्ली पब्लिक स्कूल, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने प्राप्त किए जिसके फलस्वरूप उसे अंतर्राष्ट्रीय हिंदी उन्नायक सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया।

इस दो दिवसीय समारोह में मुख्यातिथिगण के रूप में उपस्थिति विनोद नारायण इंदूरकर (अध्यक्ष, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सी.सी.आर.टी.), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार), हुकम चंद मीणा (उप निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. नाहर सिंह, संयुक्त निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एस.सी.ई.आर.टी.), दिल्ली सरकार, प्रो. सुनील शेट, अध्यक्ष, गोवा हिंदी अकादमी, गोवा, श्री राजेश निगम (प्रशासनिक अधिकारी, राजभाषा विभाग, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली), श्रीराम अवतार बैरवा (आकाशवाणी, नई दिल्ली), दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफ़ेसर डॉ. अजय तिवारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित हुए। अतिथियों ने प्रतिभाशाली बच्चों और शिक्षकों को सम्मानित करके उनका मनोबल बढ़ाया। डॉ. अजय तिवारी द्वारा हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर हिंदी भाषा, भारत और भविष्य विषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने अहिंदी भाषी प्रांतों में हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार पर बल दिया और हिंदी विकास संस्थान की सराहना की। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने विश्व स्तर पर हिंदी को प्रतिष्ठित करने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया और हिंदी के विकास के लिए इस अंतर्राष्ट्रीय हिंदी प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताया। समारोह में उपस्थित सम्मान पाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों से बातचीत करते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को जाना गया और दूसरे बच्चों ने उनके अनुभवों का लाभ उठाया। समारोह के अवसर पर संस्थान के अन्य पदाधिकारी कल्पना शर्मा (महासचिव), डॉ. प्रेम तिवारी (उपाध्यक्ष), संदेश डबास (कोषाध्यक्ष), डॉ. प्रेम कुमार शुक्ल (संयुक्त सचिव) एवं कार्यकारिणी के सदस्य कुसुम पाल कश्यप, सफलता गौतम आदि उपस्थित थे। हिंदी विकास संस्थान की ओर से अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट किया। समारोह का समापन धन्यवाद-ज्ञापन के साथ हुआ।



# हिंदी विकास संस्थान के बढ़ते आयाम

**मुख्य बिंदु–**

- कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्रों हेतु **हिंदी ओलंपियाड का आयोजन एवं पुरस्कार**।
- हिंदी शिक्षकों के लिए हिंदी **कार्यशालाओं का आयोजन एवं पुरस्कार**।
- **10वीं** व **12वीं** कक्षा के छात्रों हेतु पाठ्यक्रम से जुड़ी समस्याओं पर हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन।
- हिंदी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों एवं विद्यालयों के लिए **राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान**।




**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–**

**हिंदी विकास संस्थान**

पंजीकरण संख्या– S/2626/NW/SDM/2016

101, पॉकेट–12, सैक्टर–21, रोहिणी, दिल्ली–110086

ईमेल– **hindivikassansthan@gmail.com**, वेबसाइट– **www.hindivikassansthan.com**

दूरभाष– **9891411114, 8800338321**